**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोकसभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *269**

**15 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए**

**इस्पात का स्वदेशी उत्पादन**

***269. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:**
**श्री हेमन्त पाटिल:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष एवं वर्तमान वर्ष के दौरान देश में इस्पात के स्वदेशी उत्पादन एवं इसके आयात की मात्रा कितनी है;

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान इस्पात के आयात से इस्पात के स्वदेशी विनिर्माताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) सरकार द्वारा देश में इस्पात के आयात में वृद्धि के खिलाफ विभिन्न स्वदेशी इस्पात विनिर्माताओं से उक्त अवधि के दौरान प्राप्त किए गए अनुरोधों/अभ्यावेदनों का ब्यौरा क्या है और उन पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में स्वदेशी इस्पात उद्योग का संरक्षण करने तथा स्वदेशी इस्पात उत्पादन को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं/उठाये जा रहे हैं और उनसे क्या उपलब्धियां हासिल हुई?

**उत्तर**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ङ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

**“इस्पात का स्वदेशी उत्पादन” के बारे में श्री ओम पवन राजेनिंबालकर और श्री हेमन्त पाटिल, संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2021 को पूछे जाने वाले लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *269 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान देश में तैयार इस्पात के स्वदेशी उत्पादन तथा इसके आयात का विवरण निम्नानुसार है:

(मिलियन टन में)

| **वर्ष** | **तैयार इस्पात का उत्पादन** | **आयात** |
|---|---|---|
| 2017-18 | 95.01 | 7.48 |
| 2018-19 | 101.29 | 7.84 |
| 2019-20 | 102.62 | 6.77 |
| 2020-21 (अप्रैल-जनवरी)* | 76.41 | 3.79 |
| स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); * अनंतिम | | |

(ख) और (ग): जी नहीं। पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष 2018-19 से इस्पात के आयात में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि के दौरान तैयार इस्पात के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है।

(घ): देश में इस्पात के आयात में बढ़ोत्तरी के विरुद्ध विभिन्न स्वदेशी इस्पात विनिर्माताओं से यथा-प्राप्त अभ्यावेदनों की समय-समय पर जाँच की जाती है तथा स्वदेशी उत्पादकों, प्रयोक्ता उद्योग और अन्य हितधारकों की चिंताओं के मद्देनजर, आवश्यक हस्तक्षेप किए जाते हैं।

(ङ): स्वदेशी इस्पात उद्योग तथा स्वदेशी इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं:

(1) 08 मई, 2017 को अधिसूचित राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 में इस्पात तथा उच्च ग्रेड ऑटोमोटिव इस्पात, इलेक्ट्रिकल इस्पात, विशेष इस्पात तथा रणनीतिक अनुप्रयोगों हेतु मिश्र धातुओं की समग्र माँग को स्वदेशी स्तर पर पूरा करने की परिकल्पना की गई है।

(2) स्वदेशी रूप से उत्पादित इस्पात के उत्पादन तथा खपत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वदेशी रूप से विनिर्मित लोहा एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति।

(3) गैर-मानकीकृत इस्पात के विनिर्माण तथा आयात को रोकने के उद्देश्य से इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को जारी करना।

(4) सरकार द्वारा हाल ही में घोषित उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत ‘विशेषीकृत इस्पात’ को शामिल किया जाना।

(5) स्वदेशी रूप से उत्पन्न होने वाले स्क्रैप की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से इस्पात स्क्रैप नीति।

(6) इस्पात आयातों के अग्रिम पंजीकरण के लिए इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस)।

****